प्रादेशिक समाचार
दिनांक–14.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम 7 बजे राष्ट्र को करेंगी संबोधित।

2- राज्य के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी दीपक पांडेय सहित 19 पुलिसकर्मियों को वीरता और उत्कृष्ट सेवा के लिए स्वतंत्रता दिवस पर मिलेगा राष्ट्रपति पदक।

3- झारखंड हाईकोर्ट ने कहा– बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान स्पेशल ब्रांच से कराये राज्य सरकार, वोटर कार्ड जारी करने से पहले जरुरी दस्तावेज जांचने का भी दिया निर्देश।

4- डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सभी जिलों के एसपी के साथ नक्सलवाद की स्थिति की समीक्षा की, राज्य को नक्सलमुक्त बनाने के लिए अभियान तेज करने का दिया निर्देश।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम 7 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर प्रसारित किया जायेगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के तुरंत बाद प्रादेशिक भाषा में इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात 9 बजकर 30 मिनट पर इसका प्रादेशिक भाषा में प्रसारण करेंगे।

****

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के राष्ट्र के नाम संबोधन के कारण आकाशवाणी रांची से आज शाम सात बजे प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार शाम पौने सात बजे प्रसारित किया जायेगा जबकि जिले में आजकल का प्रसारण छह बजकर पचपन मिनट पर होगा।

****

स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में देश भर में श्हर घर तिरंगाश रैलियां आयोजित की जा रही हैं। देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए यह अभियान कल तक पूरे देश में चलाया जा रहा है। झारखंड में भी इसे लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस कड़ी में आज सिमडेगा जिले में हॉकी सिमडेगा की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इसमें बड़ी संख्या में हॉकी खिलाड़ी शामिल हुए। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने कहा कि तिरंगा देश का गर्व है और ये देश को एक सूत्र में बांधता है।

****

राष्ट्र आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का स्मरण कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन असंख्य लोगों को याद किया है, जो विभाजन की त्रासदी से पीड़ित और प्रभावित हुए थे। उन्होंने कहा कि आज उन सभी लोगों के साहस को सम्मान देने का दिन भी है और यह मानवीय सामर्थ्य के उच्च स्तर को दर्शाता है। श्री मोदी ने देश में एकता और भाईचारे की भावना को सदैव संरक्षित करने की देश की प्रतिबद्धता पर भी बल दिया।

****

इधर, गिरिडीह जिले में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आज एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इसमें अन्य लोगों के अलावा केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी शामिल होंगी। इससे पहले भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। कार्यक्रम में पूर्व विधायक निर्भय कुमार शहाबादी भी शामिल हुए। उन्होंने लोगों के बीच तिरंगे का वितरण किया और स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने बाबा साहब भीमराव अम्बेदकर और जय प्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया।

****

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा तथा सुधार कार्यों से जुडे एक हजार 37 कर्मियों को वीरता और सेवा पदक के लिए चुना गया है। इनमें झारखंड के भी 19 पुलिसकर्मी शामिल हैं। आइपीएस अधिकारी दीपक पांडेय सहित सात पुलिसकर्मियों को वीरता पदक के लिए चुना गया है जबकि 11 पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पदक दिया जायेगा। इसके अलावा झारखंड अग्निशमन विभाग के फायरमैन प्यारेलाल तांबवार को भी वीरता पदक मिलेगा।

****

केंद्र सरकार ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली के लाल किले पर आयोजित होने वाले समारोह के लिए विशेष अतिथि के रूप में पंचायती राज संस्थाओं के चार सौ निर्वाचित प्रतिनिधियों और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के एक सौ साठ से अधिक क्षेत्रीय पदाधिकारियों को आमंत्रित किया है।

****

केन्द्र सरकार ने रांची के बेड़ो प्रखंड के करंजटोली गांव की सहिया गीता खलको को दिल्ली में कल आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर शामिल होने का आमंत्रण दिया है। गीता खलको ने महिला और शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर एक अलग पहचान बनायी है। इनके प्रयास से गांव में संस्थागत प्रसव के प्रति लोगों में जागरुकता आयी है और बच्चों का टीकाकरण भी शत प्रतिशत हुआ है। गीता खलको स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

****

उप राजधानी दुमका में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह कल पुलिस लाइन मैदान में होगा। इसे लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान स्पेशल ब्रांच से कराने को कहा है। अदालत ने कहा है कि देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ और जामताड़ा में मतदाता पहचान पत्र जारी करने से पहले लैंड रिकार्ड और अन्य दस्तावेज की जांच अवश्य किया जाये।

****

राज्य की कृषि मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा है कि राज्य के किसानों के जीवन स्तर में सुधार लाना सरकार की प्राथमिकता है। रांची में राज्य स्तरीय खरीफ कर्मशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने किसानों को सहकारिता से जोड़ने पर बल दिया।

****

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्य के सभी पुलिस अधीक्षकों को नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के साथ ही स्प्लिंटर ग्रुप के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये नक्सल गतिविधियों की समीक्षा करने के बाद डीजीपी ने कहा कि झारखंड को पूरी तरह नक्सल मुक्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं।

*********समाप्त***************